हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

प्रदर्शन: अपनी मांगों को लेकर अनेक संगठनों का आंदोलन

## हड़ताल से स्वास्थ्य, तहसील, पंचायत सहित अन्य विभाग के काम रहे ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएचएम कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है वहीं कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के अधिकारी-कर्मचारी भी शुक्रवार को अवकाश लेकर आंदोलनरत रहे। एनएचएम के सभी संविदा कर्मी ऐसे में शुक्रवार को स्वास्थ्य, तहसील, पंचायत सहित अन्य विभाग के कामकाज प्रभावित रहे। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित स्वास्थ्य विभाग रहा क्योंकि शुक्रवार को नियमित स्वास्थ्य कर्मी भी हड़ताल में थे।

इसकी वजह लोगों को केवल अस्पतालों में इमरजेंसी सुविधा ही मिली पाई। जिला मुख्यालय के लोहिया चौक स्थित मंच में सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मी इकट्ठा होकर आंदोलन कर रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने कहा जब तक कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। अनिश्चितकालीन हड़ताल से स्वास्थ्य सेवा में काफी असर पड़ रहा है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के मरीज भटक रहे। वही कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक टेकराम सेन के नेतृत्व में एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला भर के कर्मचारी अधिकारियों ने लोहिया चौक महासमुंद में जंगी प्रदर्शन करते हुये सरकार के कर्मचारी विरोधी नीतियों पर जमकर प्रहार किया।

फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मुख्य सचिव छ.ग. शासन के नाम ज्ञापन कलेक्टर महासमुंद को सौंपा गया जिसे डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव ने प्राप्त किया। जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया है कि मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश भर के कर्मचारी अधिकारियों को अपनी जायज एवं प्रमुख 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सडक़ पर उतरना पड़ रहा है जो अत्यंत ही खेद का विषय है। मांगे पूर्ण नहीं होने पर अविलंब प्रांतीय इकाई द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन की रुपरेखा तय की जायेगी।





### संविदा प्रथा का किया पुतला दहन

जिला मुख्यालय के नेहरु चौक के पास एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी ने शुक्रवार को संविदा प्रथा का विरोध करते हुए पुतला दहन किया एवं सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए संविदा प्रथा को खत्म करने जमकर नारेबाजी किये। इस पुतला दहन में एन.एच.एम. का फेडरेशन ने भी साथ दिया और शहर के मुख्य चौराहे पर पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस के साथ झुमा-झपटी भी हुई।

### आंदोलन में सभी संघ के कर्मचारी रहे शामिल

तृतीय वर्ग, प्रदेश तृतीय वर्ग, छ.ग. शिक्षक संघ, सहायक शिक्षक फेडरेशन, वाहन चालक संघ, नगर पालिका नगर निगम कर्मचारी संघ, पशु चिकित्सा, अजाक्स, अपाक्स, राजस्व पटवारी संघ, छ.ग. शिक्षक फेडरेशन, वन कर्मचारी संघ, लिपिक वर्ग, प्रदेश लिपिक वर्ग, आयुर्वेद अधिकारी संघ, नर्सेस, अभियांत्रिकी, एचआरओ, छगा आयुष कर्मचारी विकास संघ, स्वास्थ्य बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ, राजपत्रित अधिकारी संघ, एनएचएम, पेंशनर्स एसोसिएशन, सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, अनियमित कर्मचारी संघ, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, जनपद, जिला पंचायत, करारोपण अधिकारी संघ, पंचायत सचिव सहित सभी मान्यता प्राप्त संगठनों ने शुक्रवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

### अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की प्रमुख मांग

फेडरेशन के प्रमुख मांगों में केंद्र के समान महंगाई भत्ता देना, लंबित महंगाई भत्ते के एरियर्स का समायोजन सामान्य भविष्य निधि खाते में करना, चार स्तरीय पदोन्नत वेतन देना, लिपिक सहित समस्त संवर्गों का वेतन विसंगति दूर करना, पिंगुवा समिति का रिपोर्ट सार्वजनिक कर लागू करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर समस्त लाभ देना, नगरीय निकाय के कर्मचारी को नियमित वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति देना, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन करना, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीलिंग समाप्त करना, प्रदेश के कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा देना एवं सभी कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की आयु 65 वर्ष करना सहित 11 सूत्रीय मांग शामिल है।






किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### स्वतंत्रता दिवस, रेडक्रॉस टीम का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा की रेडक्रॉस प्रभारी किरण पटेल एवं उनके नेतृत्व में कार्यरत रेडक्रॉस वॉलंटियर्स को सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस टीम ने 12 से 15 अगस्त तक लगातार अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने समारोह में उपस्थित नागरिकों एवं प्रतिभागियों को एम्बुलेंस तक पहुंचाने, फ़र्स्ट एड उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी सहयोग देने में सराहनीय योगदान दिया। विशेष उल्लेखनीय है कि प्रभारी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने जुंबा और सद्भावना दौड़ में भी सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को ऊर्जावान एवं प्रेरणादायी बनाया। उनकी इस निष्ठा और सेवाभाव की सराहना करते हुए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला रेडक्रॉस संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि अशोक गिरी गोस्वामी तथा उनकी टीम ने हर्ष व्यक्त किया।

### किसान का बेटा बनेगा डॉक्टर

**सरायपाली (ग्रामीण)।** ग्राम



गोहिरापाली तोरेसिंहा निवासी मोहित पिता अभिमन्यु भोई का चयन नीट के माध्यम से पंडित जेएनएम मेडिकल कॉलेज रायपुर के लिए हुआ है। जहां एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनेगा। मोहित भोई एक लघु कृषक परिवार आता है, उनकी मां गुलापी भोई एक गृहिणी है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा नवोदय विद्यालय छिंदपाली में हुई है। उन्होंने कठिन परिश्रम एवं लगन से यह उपलब्धि हासिल की है, जिसका श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दी है।

### कंप्यूटर ऑपरेटर को मिला उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

**बसना।** 15 अगस्त गणतंत्र दिवस पर्व पर जिला प्रशासन की ओर सासंद रूपकुमारी चौधरी के हाथों से विवेकानंद साहू कंप्यूटर ऑपरेटर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया गया, जो कि बीआरसीसी कार्यालय में आपरेटर पद पर है। यह सम्मान मिलने पर विखं शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, बीआरसीसी बद्री विशाल व सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, मास्टर ट्रेनर आरिफ बेग संकुल समन्वयक अंकोरी, शरण कुमार दास डीआरएफअलएन, अमित कुमार भोई संकुल समन्वयक जेवरा, अरुण कुमार प्रधान संकुल, अनिल सिंह, साव, विजय कुमार, नीलांबर नायक समन्वयक, संतोषी साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, सूरज पटेल, पुनीत चौहान, मंजू टंडन ने हर्ष जताया है।

## निधन

### रेशम यादव

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत केजुआ



निवासी रेशम यादव पिता सजनसाय यादव (28) का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी दो पुत्रियां हैं। वे मुकेश यादव एवं हेमसागर यादव के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान भारी संख्या में परिजन, सामाजिकजन एवं केजुआ, हर्राटार, मुड़पहार व आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित थे। यादव समाज के पदाधिकारियों ने अंत्येष्टि में शामिल होकर शोक व्यक्त किया।

## विभाग पहल : किसानों ने ली राहत की सांस

# ऑनलाइन शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर लगा ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

इन दिनों ग्रामीण अंचलों में बारिश नहीं होने के चलते किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अल्प वर्षा के जलते खेतों में पानी नहीं भर पा रहा है। फसल बचाने के लिए नलकूप एकमात्र सहारा है, मगर विद्युत आपूर्ति बाधित होने, बार-बार विद्युत कटौती एवं ट्रांसफार्मर, मोटर खराब होने से किसान परेशान हैं। हालांकि, विद्युत आपूर्ति बहाल करने में पूरा विद्युत अमला जुटा हुआ है। इधर, विद्युत समस्या को लेकर विभाग को किसान एवं जनप्रतिनिधियों का आक्रोश का सामना भी करना पड़ रहा है। मगर, यह भी एक सुखद खबर है कि ग्राम गस्तीडीपा स्थित ट्रांसफार्मर खराब होने सूचना के 24 घंटे के भीतर दूसरा ट्रांसफार्मर लग गया, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार ग्राम गस्तीडीपा स्थित ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिससे रोहिना के कृषक रूपानंद साहू, फकीर सेठ एवं गस्तीडीपा निवासी शंभूनाथ यादव का मोटर पंप बंद हो गया। ऐसे में सिंचाई के अभाव में धान की फसल मुरझाने लगी। रूपानंद साहू ने मोर बिजली एप के माध्यम से ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत 18 अगस्त के शाम 6 बजे दर्ज कराई। उसके 24 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर पहुंचने की सूचना कनिष्ठ यंत्री मनोज कुमार ने उपभोक्ता को दी गई और अगले दिन ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। इससे अब किसानों के पंप चालू हो गए हैं। इससे करीब 15 से 20 एकड़ धान की फसल को बचा लिया जाएगा।



# बेलडीह प्राथमिक शाला भवन जर्जर, बच्चों की पढ़ाई पर संकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बेलडीह स्थित प्राथमिक शाला का भवन पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से भवन की मरम्मत नहीं की गई है, जिसके कारण आज हालात बेहद खराब हो चुके हैं।

विद्यालय के छत से बरसात के दिनों में पानी टपकता है, दीवारों में दरारें आ चुकी हैं और कमरे की स्थिति इतनी खतरनाक हो गई है कि बच्चों की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें कई बार संकुल समन्वयक और शिक्षा विभाग को दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। वर्तमान में शाला में 2 शिक्षक पदस्थ हैं और लगभग 60 बच्चे अध्ययनरत हैं। जर्जर भवन की वजह से बच्चों को खुले आकाश के नीचे पढ़ाई करने की मजबूरी बनी रहती है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द नया भवन स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो और किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। खबर का मुख्य सवाल यही है कि क्या विभाग बच्चों की जान जोखिम में डालकर चुप बैठा रहेगा या फिर समय रहते ठोस कदम उठाएगा?

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ चालीस दिवसीय अनुष्ठान पूर्णाहुति हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्देशित जन्म शताब्दी वर्ष माता भगवती शर्मा, अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष 2026 लक्ष्य के पूर्णता के लिए विकासखंड बागबाहरा गायत्री परिवार के साधकों द्वारा जो कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई 2025 से संकल्पित होकर अनवरत चालीस दिवसीय साधना की, श्रृंखला चल पड़ी जिसकी पूर्णाहुति 21 अगस्त को हुई। पुष्य नक्षत्र के पुण्यभावों के साथ कुल अनुष्ठान मंत्र सवा लाख के एक दशांश मंत्र 12,500 बारह हजार गायत्री महामंत्र की सभी उपस्थित साधकों की मनोभाव के साथ अनवरत गायत्री महामंत्र की सस्वर आहुतियां प्रदान किया गया। सभी गायत्री परिवार के साधकों के लिए ऐतिहासिक एवं विलक्षण पल रहा है। जिसमें अनवरत नौ कुंडीय यज्ञ शाला में 2 माला अर्थात 216 मंत्रों की यज्ञ भगवान को 81 याचिकों द्वारा आहुतियां समर्पित किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में एक शिशु का अन्नप्राशन, नामकरण संस्कार संपन्न किया गया।



आस्थावान प्रज्ञा परिजन विकासखंड के दूरस्थ अंचलों से प्रवासीत होकर यज्ञ शाला में अनुशासन के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित किए, जो कि अत्यंत वंदनीय एवं अनुकरणीय रहा। अंत में सभी साधकों को शांतिकुंज से प्राप्त आशीर्वाद पत्र वितरण किया कर शांतिपाठ प्रसाद वितरण देव विदाई किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ बागबाहरा के संचालक मंडल, विकासखंड के सभी साधकों की उपस्थित, निष्ठावान परिजन, अन्य भावना शील कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक अक्षय साहू, केंद्रीय युग गायक गजानंद सिंह ठाकुर के टोली द्वारा एवं कार्यक्रम का संपूर्ण जानकारी कार्यकर्ता रामाधीन यादव द्वारा प्रदान किया गया।

# गजेंद्र के मंत्री बनने पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छग में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छग राज्य में जब से विष्णुदेव ने मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण की उसी समय से अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह गृह मंत्री, जेपी नड्डा, प्रदेश की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव एवं संगठन मंत्री पवन साय से लगातार मांग की जाती रही हैं कि छत्तीसगढ़ में दूसरी सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले समाज को प्रतिनिधत्व दें। विभिन्न कार्यकमों में मंच से अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ ये मांग उठाती रही है कि गजेंद्र यादव को मंत्री मंडल में शामिल किया जाए। आखिर लंबे इंतजार के बाद गजेंद्र को मंत्रीमंडल में शामिल कर लिया गया है। मंत्री बनने पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ ने हर्ष जताया है। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रीय नेतृत्व का हृदय से आभार जताया है। इंजीनियर एसडी यादव राष्ट्रीय सचिव अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, भुवनेश्वर यादव प्रदेश अध्यक्ष, संरक्षक मनोरथ लाल यादव, नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी व प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ छत्तीसगढ़, रामाश्रय यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, विनोद कुमार यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद, पवन यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष, अनिल यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष रायपुर, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव आदि ने हर्ष जताया है।

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भोरिंग की उपलब्धि, 13 पदक हासिल

**महासमुंद।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भोरिंग के छात्रों ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित हुई, जिसमें विद्यालय ने कुल 13 पदक हासिल किए, जिनमें 6 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं। शतरंज में कुनाल (अंडर-14) ने स्वर्ण, धारणा (अंडर-19) ने रजत जीता। कबड्डी में कन्हैया ध्रुव, अक्षय विशाल व गजेन्द्र ने रजत, ट्रिपल जंप में कुंदन (अंडर-19) ने स्वर्ण प्राप्त किया। तीरंदाजी में जयंत ठाकुर (अंडर-19), कुमुदिनी (अंडर-14) और लक्ष्मी रानी ने स्वर्ण, योगेश नाग (अंडर-14), दिगम्बर नेताम (अंडर-14) व उमेश (अंडर-19) ने रजत तथा लिलीमा (अंडर-19) ने कांस्य पदक जीता। बैडमिंटन में आदित्य (अंडर-14) ने रजत अर्जित किया। इन उपलब्धियों के आधार पर विद्यालय के 12 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

### 5 बच्चों का संभागीय स्तरीय खेल के लिए चयन

**सरायपाली।** ईवास वुडलैंड हायर सेकंडरी स्कूल से 5 बच्चों का रायपुर संभाग स्तरीय चयन हुआ है। जिसमें दीक्षा बारीक 11वीं (शतरंज), सुशांत नंद (क्रिकेट), चाहत पांडे (क्रिकेट), अनिश साहू (फुटबाल), युवराज यादव (एथलेटिक्स), तुषार पटेल (खो-खो) आदि के चयन का हुआ है।

# मंदिर चौक में बीचो-बीच लगे बिजली खंभे को हटाने की मांग, दुर्घटना की आशंका



**पिथौरा।** नगर पिथौरा के हृदय स्थल मंदिर चौक रोड के बीचो-बीच लगा स्ट्रीट लाइट खंभा लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रतिनिधि एवं यूथ कांग्रेस बसना विधानसभा अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला ने वार्ड क्रमांक 6, 7, 8, 9 एवं 10 के नागरिकों के साथ मिलकर बिजली विभाग को खंभा हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने बताया कि चौक के बीचों-बीच खंभा होने से आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वाहन चालकों के लिए यह बड़ा खतरा है, वहीं स्थानीय निवासियों को भी आवाजाही में कठिनाई होती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पार्षद प्रतिनिधि तरुण पांडे एवं यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाकर समस्या से अवगत कराया। इस मौके पर नागरिकों ने खंभा हटाने की मांग पर सहमति जताते हुए विभाग से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कोमल चौबे, सुरेश सिन्हा, कीर्ति वर्मा, देवेश राजपूत, आशीष गोयल सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



### एमबीबीएस में किरण का हुआ चयन

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत तोषगांव के आश्रित ग्राम मनकी से किरण तांडी का चयन एमबीबीएस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर में हुआ है। किरण अर्जुन तांडी व्याख्याता कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री एवं सत्यवती ताण्डी की सुपुत्री है। उसकी सफलता पर मंत्री फुलझर सेवा समिति के संचालक विद्या भूषण सतपथी प्राचार्य भागीरथी भोई एवं समस्त शिक्षक कर्मचारी एवं प्राचार्य साखीराम पटेल एवं समस्त शिक्षक कर्मचारी तथा कन्या शाला तोषगांव से प्रधानध्यापक मनोहर प्रधान, शिक्षक हरेराम भोई, अक्षय साहू , किरण डड़सेना, राजेंद्र सिदार, डॉ पुरूषोत्तम सागर, पुरंजन सागर ने हर्ष जताया है।



तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025




14 बारनवापारा में 20 दिवसीय बांस शिल्प कला प्रशिक्षण की शुरुआत



14 दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद, संस्कृति महोत्सव का आयोजन



## खबर संक्षेप

### सफाई मित्र और उसके पति के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा नगर पालिका की सफाई मित्र और उसके पति के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रियंका महानंद निवासी वार्ड नंबर 14 पोटरपारा ने बताया कि वह नगरपालिका में सफाई मित्र का काम करती है। 21 अगस्त की शाम 4 बजे घर के बाहर हो रहे गाली गलौज की आवाज को सुनकर निकली और काली मंदिर के पास जाकर देखी तो उसके पति कुमुद रंजन महानंद के साथ ओमसागर किसी बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था। जब उसने वहां जाकर पूछा तो आरोपी ने प्रार्थिया और उसके पति के साथ डंडे से मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 15(2), 296, 351(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### खेत से सोलर पैनल चोरी

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम पलसापाली के खेत में लगे सोलर पैनल को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। पुलिस को चंडीभौना निवासी जगदानंद मानिकपुरी ने बताया कि ग्राम पलसापाली मौहा टिकरा में उसकी सवा एकड़ कृषि भूमि है जिसमें क्रेडा विभाग महासमुंद द्वारा 3 एचपी का सोलर पंप लगाया था। प्रार्थी ने बताया कि 8 जून को जब वह सुबह 9.30 बजे जब मैं खेत गया तो देखा कि सोलर पैनल कंट्रोलर वहां नहीं था। जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# मवेशी के अवैध तस्करी एवं शराब को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा तेंदूकोना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम फिरगी में लगातार मवेशियों की अवैध तस्करी एंव अवैध शराब को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विगत दिनों ग्रामीणों ने बुंदेली चौकी का घेराव किया था। 21 अगस्त को अवैध तरीके से मवेशी ले जाया जा रहा था जिसे पूरे ग्रामीणों ने पकड़कर बुंदेली चौकी में दूरभाष के माध्यम से शिकायत की। चौकी से कोई मदद नहीं मिलने से ग्रामीण नाराज हो गए और देखते ही देखते गांव में माहौल इस कदर बिगड़ा कि पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारी को सूचना मिलते ही जिले के थाना क्षेत्र से भारी संख्या में पुलिस बल फिरगी भेजा गया। पुलिस बल गांव पहुंच कर मामला को शांत करने में सफल हुए पुलिस बल अभी ग्राम फिरगी में ही सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने डटे हुए है। फिलहाल गांव में अभी माहौल शांत है। फिरगी में शांति व्यवस्था कायम रखने धारा 144 लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना बाहर से बड़ी संख्या में मवेशी लाने से गांव के जानवरों में बीमारियां फैल रही हैं। हाल ही में खुरहा-चपका जैसी बीमारी सामने आई थी, जिस पर रोक लगाने के लिए भी ग्रामीणों ने पहले चेतावनी दी थी। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध मवेशी परिवहन को लेकर उन्होंने पहले ही पुलिस चौकी को सूचना दी थी। और बैठक से पहले भी लगातार संपर्क किया, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## गांव में शांति रखने धारा 144 लागू, पुलिस जवान तैनात

### गांव के युवक को तस्करी करते पकड़ा रंगे हाथ

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम से एक मोहल्ले के निवासी अवैध तरीके से हर सप्ताह मवेशियों को ले जाकर ओडिशा में बेच रहे हैं, जहां से इन मवेशियों के कत्लखाना ले जाने की संभावना को देखते हुए ग्रामीण लगातार इन्हें मना कर रहे थे। परंतु गुरुवार को उक्त मवेशी ले जाने वाले ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए अवैध तरीके से ले जाए जा रहे मवेशी तस्करों से छुड़ाकर बाड़े में रखा गया है।



### शराब माफिया और गौ तस्करों को पुलिस का संरक्षण?

सूत्र बताते हैं कि बुंदेली क्षेत्र में होने वाली शराब और गौ तस्करी की शिकायतें तेंदूकोना पहुंचकर थम जाती है। ग्रामीणों के अनुसार बुंदेली क्षेत्र में शराब और गौतस्करी में लिप्त लोगों का एक करीबी तेंदूकोना थाना में पदस्थ है। यह सांठगांठ बुंदेली क्षेत्र के ग्रामीणों को इसलिए नागवार गुजर रहा है क्योकि, इसके चलते पूरे क्षेत्र में शराब माफिया और गौ तस्करों का बोलबाला है। ग्रामीणों की मानें तो इसी के चलते क्षेत्र के माफिया खुले तौर पर इन अवैध व्यापार में लिप्त हैं। जिसके कारण क्षेत्र में पुलिस की छबि धूमिल हो रही है।

# जिले में आज धूमधाम से मनाया जाएगा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पोला त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले एवं पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक और प्रसिद्ध त्योहार पोला आज शनिवार के दिन भाद्रपद मास की कुशग्रहणी अमावस्या तिथि को मनाया जाएगा। पोला पर्व छत्तीसगढ़ में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। मिट्टी के बैल और खिलौने की पूजा भी पोला पर्व के दिन की जाती है।

पोला पर्व में अंचल के गांवों मे विशेष तौर पे छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी, खुरमी जैसे पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं। पोला का पर्व किसानों का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। पोला पर्व किसानों और खेतिहर मजदूर के लिए विशेष महत्व रखता है। ग्रामीण इलाकों में इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन किसान लोग मिट्टी के बने बैल की पूजा-अर्चना एवं चावल आटे से बने चीला चढ़ाकर अपने अच्छे फसल एवं घर में सुख-समृद्धि की कामना करते है। गांवों में इस अवसर पर बैल दौड़ का भी आयोजन किया जाता है। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक और प्रसिद्ध त्योहार पोला न केवल इस राज्य में, बल्कि पूरे देश के किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह पर्व विशेष रूप से किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए समर्पित है, जिसमें उनके सबसे महत्वपूर्ण साथी, बैलों की पूजा की जाती है। बता दें कि भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला पोला त्योहार खरीफ फसल के द्वितीय चरण का कार्य (निंदाई-गुड़ाई) पूरा हो जाने पर मनाया जाता है।



### पोला पर्व पर मिट्टी के खिलौनों और बैलों की डिमांड

इस दिन मिट्टी और लकड़ी से बने बैल चलाने की भी परंपरा है। मिट्टी या लकड़ी के बने बैलों से खेलकर बेटे कृषि कार्य तथा बेटियां रसोई घर व गृहस्थी की संस्कृति व परंपरा को समझते हैं। कांग्रेस भवन के पास सड़क किनारे नांदिया बैल बेच रहे कुम्हारों ने बताया है कि उनके पास साइज के अनुसार बैल की जोड़ी बेचा जा रहा है। जिसमे सबसे छोटी साइज के नांदिया बैल की कीमत 60 रुपए, मीडियम साइज की जोड़ी 100 रुपए एवं बड़े साइज के बैल की कीमत 200 रुपए तक है। खिलौने वाले मिट्टी के बर्तनों का सेट 70 से 80 रुपए तक बेच रहे हैं।

### बाजार में दिखे लकड़ी से बने बैल गाड़ी

जिला मुख्यालय में पोला पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला है। नगर के मुख्य मार्ग बरोंडा चौक से लेकर नेहरु चौक तक सड़क किनारे रंग बिरंगे नांदिया बैलों की बिक्री की जा रही है। इस बार मिट्टी के साथ लकड़ी के बने बैल गाड़ी बाजार बिकते नजर आए। लोग मिट्टी से बने बैलों के साथ लकड़ी से बने बैल गाड़ी की भी खरीदी करते नजर आए।

# युवक के साथ मारपीट आरोपियों पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक हटाने की बात को लेकर कुछ लोगों ने परसकोल सितली नाला पुल में एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम भुरका के संतराम साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि 20 अगस्त को को उसका लड़का हिरेश साहू काम में महासमुंद गया था। रात्रि करीब 10.30 बजे गांव के लेखराम साहू उसे फोन करके बताया कि ग्राम परसकोल सितली नाला पुल के पास हिरेश साहू को चोट लगी है, साथ ही उसने महासमुंद थाना पहुंचने कहा। प्रार्थी जब थाने में पहुंचा तब उसका लड़का हिरेश साहू खून से लथपथ था और उसके सिर, दाहिने आंख, बायें हाथ, पीठ, चेहरे में चोट लगी थी। जब उसने अपने लड़के से पूछा तब तक उसने बताया कि वह काम कर घर जाने के लिए लेखराम साहू के साथ कार में आ रहा था। रात्रि करीब 09.30 से 10 बजे के मध्य परसकोल सितली नाला पुल के पास पहुंचे थे। तब देखा कि पुल के बीच रोड में एक मोटर सायकल खड़ी है, और वहां पर कुछ लोग बैठे थे, तब उसने कार को रोककर मोटर सायकल को हटाने कहा। इस पर भुरका के संजय निषाद ने तुम कौन होते हुये मोटर सायकल को हटाने के लिए बोलने वाले गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। वहीं उसके अन्य साथियों ने भी गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।




## खबर संक्षेप



### बरभाठा में मनाई जाएगी बालक दास की जयंती

**झलप।** ग्राम बरभांठा में 24 अगस्त को संतशिरोमणी गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र गुरु बालक दास बाबा की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे होगा। इस दौरान देवेन्द्र राय सिंघनपुर सरपंच प्रतिनिधि, रामेश्वर साहू उपसरपंच, चुड़ामणी डड़सेना पचरी सरपंच प्रतिनिधि, संत टेकराम भारती, मुकेश खुटे उपस्थित थे।

### ठाकुरदियाकला व जम्हर के जलाशय को दिए जाएंगे मछली पालन के लिए

**पिथौरा (ग्रामीण)।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम ठाकुरदियाकला एवं जम्हर के शासकीय सिंचाई जलाशयों को मछली पालन कार्य के लिए 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर दिए जाने की तैयारी है। जनपद सीईओ ने बताया कि पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूह के सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, मल्लाह वर्ग की पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों एवं मछुआ समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### बेमचा उपक्षेत्र से निर्विरोध महिला सदस्य बनीं हुलसी

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के मां आदिशक्ति खल्लारी प्रांगण भवन में आयोजित चंद्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज के सामाजिक



चुनाव हुआ। इसमें बेमचा उपक्षेत्र से महिला प्रतिनिधि के पद के लिए हुलसी जितेंद्र चंद्राकर को निर्विरोध चुना गया। चंद्रनाहू समाज के बंधुओं ने सर्वसम्मति से उन्हें यह नया दायित्व सौंपा, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर हुलसी ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस पद की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी।

### पोला पर्व आज, बच्चों व किसानों में उत्साह

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पोला का त्योहार 23 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर बच्चों ने मिट्टी से बने बैल व खिलौनों को सजा कर तैयारी करते हैं। इस पर्व को लेकर छत्तीसगढ़ में खासा उत्साह देखने को मिलते हैं और बच्चों के साथ मिट्टी बैल व खिलौनों को सजाकर पोला पर्व के दिन पूजा अर्चना करेंगे।

**पहल : स्थानीय युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल**

# बारनवापारा में 20 दिवसीय बांस शिल्प कला प्रशिक्षण की शुरुआत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

ग्राम बार में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बैनर तले 20 दिवसीय बांस शिल्प कला प्रशिक्षण, सृजन, संरक्षण और आजीविका कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में 30 प्रतिभागियों को बांस एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों से घरेलू और सजावटी वस्तुएँ बनाने का हुनर सिखाया जा रहा है।

असम गुवाहाटी से आई नीरा शर्मा फाउंडेशन की तीन सदस्यीय टीम- नीरा शर्मा, कृष्णा सिंह और राजेश द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यशाला 18 अगस्त से 8 सितंबर तक बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में चलेगी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीणों को बांस, बीज और जड़ी-बूटियों जैसे स्थानीय संसाधनों से हस्तशिल्प तैयार कर आजीविका के साधन उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षकों के अनुसार जंगल में सहज रूप से मिलने वाले इमली, वैजयंती, बूटी, रोती मानका, सनदन और मोती जैसे बीजों से हैंडीक्रॉफ्ट ज्वेलरी, सोफा सेट, टोकरी, डस्टबिन सहित कई उपयोगी वस्तुएँ बनाई जा रही हैं। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक वयस्कों को दिया जा रहा है, जबकि शाम 5 से 7 बजे तक विद्यार्थियों के लिए विशेष सत्र रखा गया है।

इस कार्यशाला में न सिर्फ ग्राम बार बल्कि 20 किलोमीटर दूर के गांवों से भी लोग जुड़ रहे हैं। कसडोल और ठाकुरदिया क्षेत्र से भी महिला-पुरुष प्रतिभागी पहुंचे हैं। मौके पर कार्तिक बाई ने अपनी मां से निर्मित टोकरी और पर्स का प्रदर्शन किया।

प्रतिभागियों में दरस मोती, फूलमती, चैनसिंह, बिराजो, बरातू, पुसाऊ राम, कन्हैया, अक्ति बाई, मालिक राम, पदमा, आकाश और रवि सक्रिय रहे। वहीं ग्राम बार की अनुसुइया नेताम, लता साहू, भुवनेश्वरी सिन्हा और किरण सोनी ने भी अपनी कला-कृतियों से प्रभावित किया। बरनवापारा के वन अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर ने पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भविष्य में यहाँ निर्मित हस्तशिल्प वस्तुओं को फाउंडेशन के माध्यम से बाज़ार से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीणों को रोज़गार मिलेगा और उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर उत्पाद मिल सकेंगे।

# मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम कल रायपुर में

### दसवीं और बारहवीं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों का होगा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।




## सशिमं परिवार ने दी समिति अध्यक्ष परमार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



- रायपुर के एक हास्पिटल में बायपास सर्जरी हुई थी और ऑपरेशन के बाद देर रात्रि उनका देहांत

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उमावि की संचालन समिति के अध्यक्ष मनसुख परमार के देहावसान पर गहन शोक व्यक्त कर शुक्रवार को सशिमं परिवार ने अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। विदित रहे, लगभग सप्ताहभर पूर्व हृदयाघात के बाद गुरुवार 21 अगस्त को रायपुर के वेंकटेश्वरा अस्पताल में उनकी बायपास सर्जरी हुई थी और ऑपरेशन के बाद देर रात्रि उनका देहांत हो गया। विद्यालय सभाकक्ष में हुई शोक सभा में स्व. परमार की शिक्षा और सामाजिक कार्यों में सुदीर्घ सहभागिता का स्मरण करते हुए प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने कहा कि स्व. परमार ने विद्यालय के उत्थान और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव योगदान दिया। उनके सरल, मिलनसार और प्रेरणादायी व्यक्तित्व को विद्यालय-परिवार हमेशा याद रखेगा। इस मौके पर विद्यार्थी भैया-बहनों, आचार्यों, दीदीयों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा के पश्चात विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन कार्य स्थगित रखा गया।

# नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह को लेकर कोलता समाज की हुई बैठक, पदाधिकारियों ने समारोह स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली(ग्रामीण)

बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज शाखा सभा रोहिना में सभापति बृंदावन साहू की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें आगामी 7 सितंबर 2025 को ग्राम रोहिना में प्रस्तावित नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कुल कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू एवं आंचलिक अध्यक्ष प्रदीप साहू की टीम ने सम्मेलन स्थल का अवलोकन किया तथा बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि फुलझर एवं कौड़िया अंचल में बड़ी संख्या में निवासरत कोलता समाज द्वारा रामचंडी दिवस के बाद वृहद नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसमें विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले महान विभूतियों का सम्मान किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन रोहिना शाखासभा के ग्राम रोहिना में प्रस्तावित किया गया है। इस



नुआखाई मिलन समारोह में रायपुर संभाग के आंचलिक सभा सरायपाली, बसना, पिथौरा एवं रायपुर के पदाधिकारी एवं सामाजिक जाति बंधु भाग लेंगे। सचिव ललित साहू ने बताया कि ओड़यिा संस्कृति एवं सामाजिक सद्भाव का प्रतीक इस नुआखाई मिलन समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थी, कृषक, व्यापारी, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद, मैकेनिक, चिकित्सक, वादक, गायक, शिक्षक, पुलिस, कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक एवं आदर्श संयुक्त परिवार इत्यादि का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए आवेदन एवं प्रविष्टि 31 अगस्त तक आमंत्रित की गई है, जिसकी सूचना महामंत्री मथामणि बढ़ाई द्वारा प्रसारित की गई है।

ग्राम रोहिना में पहली बार हो रहे नुआखाई मिलन समारोह को लेकर सामाजिकजन काफी उत्साहित हैं तथा इसकी तैयारी को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर कुल कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू, छग कोलता समाज उपाध्यक्ष नंदकिशोर भोई, सचिव ललित साहू, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी द्वय देवेंद्र भोई एवं कमलेश साहू, कार्यकारिणी सदस्य किशोर भोई, सरायपाली आंचलिक अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष जयंत बारीक, सचिव भूपेंद्र भोई, झिलमिला सभापति सुरेंद्र साहू, आंचलिक कर्मचारी प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष अश्विनी बारिक, युवा प्रकोष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष हीरालाल प्रधान, रोहिना उपसभापति खिरोद्र साहू, कोषाध्यक्ष नेपाल साहू, सहसचिव आनंद प्रधान, ग्राम सदस्य बसंत नायक, दिवाकर साहू, आनंद साहू, अर्जुन प्रधान, अगरद साहू, जन्मजय, देवकुमार, विभीषण, दुर्योधन बेहेरा, भगवानो बेहेरा, रूपानंद साहू, विजय साहू, गुणनिधि, हीरालाल, मनोरंजन, खिरोद्र, शिशुपाल आदि सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कार्यकारिणी मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।

# दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद संस्कृति महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

सरस्वती शिशु मंदिर तुमगांव में 18 अगस्त से 19 अगस्त को दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद, संस्कृति महोत्सव एवं गणित विज्ञान मेला का कार्यक्रम हुआ। झलप विद्यालय से बाल वर्ग बहन कबड्डी में प्रथम स्थान शिशु वर्ग बहन ऊंची कूद में हेमशिखा दीवान प्रथम एवं शिशु वर्ग कबड्डी में बहिन वर्ग प्रथम स्थान प्राप्त किए। संस्कृति महोत्सव में निबंध में नव्या यादव झलप से प्रथम, रंगोली साक्षी यादव एवं माही ध्रुव झलप से प्रथम स्थान, चित्रकला में टुकेंद्र साहू झलप से प्रथम स्थान, संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच में गीतेश निषाद, सक्षम पंडा, खिलेश सेन झलप से प्रथम स्थान, कथा कथन में रितु साहू एवं गणित मेला में छाया साहू, मेघा साहू, शुभम राय, अनमोल साहू का प्रदर्श में प्रथम स्थान तथा वैदिक गणित प्रश्न मंच शिशु वर्ग में स्वाति पंडा, नवीन यादव, देवेंद्र साहू प्रथम स्थान तथा बाल वर्ग में श्रद्धा केसरिया, साक्षी काटे, काव्य मालिक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम का नाम गौरवान्वित किया।

सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा विद्या दायिनी माता सरस्वती, प्रणव अक्षर ॐ, भारत माता के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पूजन अर्चन किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात अतिथि का तिलक वंदन श्रीफल भेंट कर स्वागत हुआ। अतिथियों द्वारा सभी भैया बहिन को खेलकूद संस्कृति महोत्सव गणित, विज्ञान मेला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को संबोधित शुभकामना प्रेषित किया गया। संकुल प्रमुख हेमंत कुमार पंडा द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं सहभागिता वृत्त का पाठन किया गया। जिसमें झलप संकुल के 13 विद्यालयों से 475 भैया बहिन, 48 संरक्षक आचार्य दीदी, 16 निर्णायक वृंद एवं आयोजक विद्यालय। उद्बोधन की कड़ी के पश्चात मुख्य अतिथि मोतीराम साहू अध्यक्ष गुरुजी शिक्षण समिति तुमगांव के द्वारा समस्त प्रतिभागियों एवं निर्णायकों का शपथ ग्रहण कराया गया एवं क्रीड़ा एवं संस्कृति महोत्सव का विधिवत घोषणा किया गया। उद्घाटन खेल में शिशु वर्ग भैया गेड़ी दौड़ एवं शिशु वर्ग भैया एवं बहिन वर्ग का बोरा दौड़ खेल से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### आपदा फंड का सही उपयोग नहीं: राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को दिए जाने वाले आपदा प्रबंधन के लिए करोड़ों की जारी राशि और उसका सही उपयोग नही होने पर कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा हर साल राज्यों को करोड़ों का बजट आपदा प्रबंधन के लिए दिया जाता है। इसके तहत वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ के लिए केंद्र से 400 करोड़ और राज्य की ओर से 133.60 करोड़ सहित कुल 533.60 करोड़ का आवंटन हुआ है।



### कुम्हारपारा स्कूल में हुई निबंध स्पर्धा

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हार पारा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा आठवीं से परमेश्वरी, नेहा तांडी, टिकेश्वरी सातवीं से लावण्या बघेल, पायल सेन, वीणा छठवीं से देविका, रिया सोनी, खुशी दास शामिल हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में बीएड के प्रशिक्षु शिक्षक, विद्यालय के शिक्षक श्वेता तिवारी, धनेश्वरी सिन्हा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणुका निषाद, रंभा जगत सहित समस्त छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने का किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

झलप परिक्षेत्र में संत शिरोमणि सेन महाराज की जन्मजयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर सिन्हा द्वारा झलप परिक्षेत्र में भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की थी।

इसी संबंध में परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण विधायक कार्यालय पहुंचे और मुलाकात कर राशि स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने निवेदन किया। विधायक प्रतिनिधियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कर राशि शीघ्र पंचायत खाते में डाला जाएगा। इस अवसर पर झलप परिक्षेत्र के संरक्षक नंदकुमार सेन, अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, सलाहकार घनश्याम सेन, बल्दू सेन, सचिव भूपेंद्र सेन, उपाध्यक्ष तोषण सेन, कोषाध्यक्ष सदानंद सेन, महामंत्री बलराम सेन, पंच चंदू सेन, हीरालाल सेन, अश्वनी सेन, मिलेन सेन, समाज सेवक सही ईश्वर सेन, वरिष्ठ समाजसेवी चैतराम सेन, युवा प्रीतम सेन आदि उपस्थित रहे।






